

## पुलिसकर्मी के 'प्यार का नगमा' पर फिदा हुए सुरेश रैना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस (कोविड–19) से लड़ने के लिए भारत में 21 दिन का संपूर्ण लॉकडाउन किया गया है। लोगों से घरों में रहने की सलाह दी जा रही है। लेकिन इस बीच कुछ ऐसे भी प्रफेशन हैं जिनके लिए बाहर निकलना बहुत जरूरी है। मेडिकल स्टाफ, पुलिस, किराना, सफाईकर्मी, मीडिया, कुछ ऐसे ही प्रफेशन हैं जो कोरोना के खिलाफ जंग में अगले मोर्चे पर खड़े हैं।

इन लोगों को काफी सराहा जा रहा है। भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी एक ऐसा विडियो साझा किया है जिसमें एक पुलिसकर्मी का विडियो वायरल हो रहा है जो गाना गाकर लोगों को कोरोना से बचने के तरीके बचा रहे हैं। रैना ने यह विडियो शेयर पुलिसकर्मी के जज्बे को सलाम किया है।

पुलिस अधिकारी अभिनव उपाध्याय ने कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को गाना गाकर जागरूक किया। उपाध्याय, इक प्यार का नगमा है की तर्ज पर घर में ही रहना है, बाहर नहीं जाना है, सैनिटाइजर लगाना है, मिलकर हमको कोरोना को हराना है–श गा रहे हैं और उनके इस गीत को काफी पसंद किया जा रहा है। रैना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह विडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि इन 21 दिनों के लॉकडाउन के दौरान हमें पॉजीटिव महसूस करने की जरूरत है। यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि इस वैश्विक महामारी के वक्त में हमारे पुलिसकर्मी अभिनव उपाध्याय पॉजीटिवनेस फैला रहे हैं।

# रॉयल्स ने सुझाया आईपीएल करवाने का फॉर्मूला!


**क्रिकेट**

### राजस्थान रॉयल्स छोटा और भारतीय खिलाड़ियों के साथ आईपीएल के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के सीईओ रंजीत बरठाकुर ने बुधवार को कहा कि इस मुश्किल समय में केवल भारतीय खिलाड़ियों के साथ छोटी अवधि का आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) भी अच्छा होगा। उन्होंने इसके साथ ही खुलासा किया कि इस टी20 लीग के भाग्य का फैसला 15 अप्रैल से पहले किए जाने की संभावना नहीं है। कोरोना वायरस के कारण दुनिया भर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस लीग को लेकर अभी तक फैसला नहीं किया है जिसे कोविड–19 महामारी और विदेशी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर लगी पाबंदी को देखते हुए कम से कम 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया था। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार यह टूर्नामेंट 29 मार्च से शुरू होना था।




बरठाकुर ने कहा, 'हम केवल भारतीय खिलाड़ियों के साथ छोटे टूर्नामेंट के लिए तैयार है। आखिरकार यह है तो इंडियन प्रीमियर लीग ही।' महामारी को रोकने के लिए देश भर में 'लॉकडाउन' है और वर्तमान हालात देखकर इसके आयोजन की संभावना नहीं लग रही है। बीसीसीआई के पास हालांकि कुछ द्विपक्षीय सीरीज को तिलांजलि देकर साल के अंत में आईपीएल के आयोजन का विकल्प है।

रॉयल्स के कार्यकारी अधिकारी ने उम्मीद जताई कि बीसीसीआई फ्रेंचाइजी के सर्वश्रेष्ठ हितों को ध्यान में रखकर फैसला करेगा। उन्होंने कहा, 'यह असाधारण समय है और स्थिति में सुधार पर बीसीसीआई को अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे।'

बरठाकुर ने कहा, 'पहले हम केवल भारतीय खिलाड़ियों के आईपीएल के बारे में नहीं सोच सकते थे लेकिन अब भारत में पर्याप्त अच्छे खिलाड़ी हैं। आईपीएल नहीं करवाने के बजाय केवल भारतीय खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट आयोजित कराना बेहतर होगा।' उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट का आयोजन कब हो सकता है, इसका फैसला बीसीसीआई को करना है और मेरा मानना है कि ऐसा फैसला 15 अप्रैल के बाद ही किया जाना चाहिए।' कोरोना वायरस के कारण विश्व भर में 850,000 लोग संक्रमित हैं जबकि 42000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में 1600 से अधिक लोग संक्रमित हैं और 40 से अधिक की मौत हो गई हैं।

## धोनी और कोहली ने मुझे वैसे सपॉर्ट नहीं किया जैसे गांगुली ने किया: युवराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। युवराज सिंह ने 17 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कई कप्तानों की अगुआई में खेला। अब युवी ने बताया कि उनकी नजर में सर्वश्रेष्ठ कप्तान कौन है। 38 वर्षीय इस इस पूर्व ऑलराउंडर ने मंगलवार को कहा कि वह अकसर सौरभ गांगुली की कप्तानी में खेले गए अपने वक्त को याद करते हैं। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में हालांकि उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप जितवाने में अहम भूमिका निभाई वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि इसके बावजूद वह गांगुली की कप्तानी में खेले गए अपने वक्त को याद करते हैं।




एक अंग्रेजी दैनिक को दिए गए इंटरव्यू में युवराज ने कहा, मैंने सौरभ गांगुली की कप्तानी में खेला और उन्होंने मुझे बहुत सपॉर्ट किया। मुझे गांगुली की कप्तानी इसलिए याद है कि उन्होंने मुझे बहुत सपॉर्ट किया। मुझे माही (महेंद्र सिंह धोनी) और विराट कोहली से उस तरह का सपॉर्ट नहीं मिला। युवराज ने भारत के लिए 304 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले और उसमें 8701 रन बनाए। अपने वनडे करियर में उन्होंने 14 सेंचुरी बनाईं। युवराज से जब पूछा गया कि उनकी नजर में मुथैया मुरलीधरन का सामना करना सबसे मुश्किल रहा। उन्होंने कहा, श्मुझे मुथैया मुरलीधरन का सामना करने में बहुत मुश्किल आती थी। मुझे उनकी गेंदबाजी बिलकुल समझ नहीं आती थी। फिर सचिन (तेंडुलकर) ने मुझे कहा मुरलीधरन की गेंद पर स्वीप करने का आइडिया दिया और इससे मुझे काफी आसानी हुई।

उन्होंने कहा, ग्लेन मैक्ग्रा ने मुझे अपनी बाहर जाती गेंद पर काफी परेशान किया। अच्छी बात यह रही कि मुझे मैक्ग्रा का ज्यादा सामना नहीं करना पड़ा क्योंकि टेस्ट मैचों में ज्यादातर मौकों पर मुझे खेलने का मौका नहीं मिला।

## चौरिटी के लिए अपनी वर्ल्ड कप फाइनल की टी–शर्ट नीलाम कर रहे हैं बटलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के जोस बटलर ने पिछले साल वर्ल्ड कप फाइनल में पहनी अपनी शर्ट को नीलाम करने जा रहे हैं। बटलर इससे मिली रकम को कोरोनावायरस का इलाज कर रहे अस्पताल में देंगे। 29 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल जुलाई में न्यूजीलैंड में मिली रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने न सिर्फ हाफ सेंचुरी लगाई थी बल्कि सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर मार्टिन गप्टिल को रन आउट भी किया था। बटलर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक विडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि वह अपनी जर्सी जिस पर इंग्लैंड की वर्ल्ड कप विजेता टीम के सभी सदस्यों के दस्तखत हैं को ई–बे पर नीलाम कर रहे हैं। बटलर ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि सभी अस्पताल, डॉक्टर, नर्स और एनएचएस (नैशनल हेल्थ सर्विस) इस समय बहुत शानदार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आने वाले हफ्ते और महीनों में उन्हें हमारे समर्थन की जरूरत होगी। पिछले सप्ताह, रॉयल ब्रॉम्पटन और हेयरफील्ड हॉस्पिटल चौरिटी ने दो अस्पतालों के लिए जीवनरक्षक उपकरणों के लिए चौरिटी लॉन्च करने की अपील की थी।

## न्यूज डायरी



### कोच से विडियो कॉल पर टिप्स ले रहे हैं सुशील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज रेसलर सुशील कुमार ने तीसरे ओलिंपिक्स मेडल की उम्मीद नहीं छोड़ी है। कोरोना के चलते भले ही वह घर में कैद हैं, लेकिन इसके बावजूद वह जितना संभव हो प्रैक्टिस कर लेते हैं। सुशील छत्रसाल स्टेडियम में रहते हैं जहां काफी संख्या में रेसलर्स प्रैक्टिस करते हैं। लेकिन, इन दिनों दो–चार पहलवान ही स्टेडियम में हैं। बाकी सभी अपने–अपने घर चले गए हैं। रेसलिंग में प्रैक्टिस के लिए पार्टनर की जरूरत होती है। लेकिन, कोरोना के चलते पहलवानों को प्रैक्टिस पार्टनर नहीं मिल रहे हैं। सुशील ने बताया, प्रैक्टिस नहीं कर पाने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। रेसलिंग में असली तैयारी तो मैट पर होती है, लेकिन काफी दिनों से मैं मैट पर गया ही नहीं। मैट पर जाऊं तो पार्टनर चाहिए।

### 17 मार्च की रैंकिंग के आधार पर भावी टूर्नमेंटों में प्रवेश और वरीयता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने मंगलवार को विश्व रैंकिंग फ्रीज (बंद) करने का फैसला किया और कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर शुरू होगा तो 17 मार्च तक के स्थान के आधार पर प्रवेश और वरीयता दी जाएगी। कोविड–19 महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं स्थगित या रद्द करनी पड़ी हैं। इसके बाद विश्व रैंकिंग को फ्रीज करने की गुहार की जा रही थी, जिसमें भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, बी साई प्रणीत, पारुपल्ली कश्यप और एच एस प्रणय ने चिंता व्यक्त की थी। बीडब्ल्यूएफ ने अपनी विज्ञप्ति में कहा, 'बीडब्ल्यूएफ घोषणा कर सकता है कि वह अपनी विश्व रैंकिंग और विश्व जूनियर रैंकिंग अगले नोटिस तक फ्रीज कर देगा। फ्रीज की हुई रैंकिंग 12वें हफ्ते की होगी जो अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट (ऑल इंग्लैंड ओपन 2020) के बाद के हफ्ते की है।' इसके अनुसार, '17 मार्च 2020 को जारी रैंकिंग सूची अगले अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट की प्रविष्टि और वरीयता का आधार होगी।

### हॉस्टल से 50 मी. दूर है ग्राउंड, हिमा दास ने अभ्यास के लिए रिजिजू से मांगी अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोविड–19 महामारी के कारण देशभर लॉकडाउन लगा हुआ है। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) के शिविर में शामिल धाविका हिमा दास सहित दूसरे कई ऐथलीटों रहे रहे हैं। उन सभी ने खेल मंत्री से मांग की है कि उन्हें परिसर के अंदर आउटडोर प्रशिक्षण की अनुमति दी है। एनआईएस पटियाला में बाहरी लोगों के आने की अनुमति नहीं है। इस कदम का समर्थन कर रहे सहायक राष्ट्रीय ऐथलेटिक्स कोच राधाकृष्णन नायर ने बताया कि एनआईएस में हिमा के नेतृत्व में शिविर में शामिल खिलाड़ियों को एक–दो दिनों में मंत्रालय से जवाब मिलने की उम्मीद है। नायर ने कहा, 'हिमा और कुछ अन्य ऐथलीटों ने खेल मंत्री को लिखा है कि उन्हें दिन में एक या दो घंटे अलग–अलग समय में छोटे समूहों में अभ्यास करने की अनुमति दी जाए ताकि वे सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अभ्यास कर सकें।

### अफरीदी फाउंडेशन का सपॉर्ट करने पर युवराज और भज्जी पर भड़के लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को कोरोना वायरस से जंग के लिए शाहिद अफरीदी और उनके फाउंडेशन को सपॉर्ट करना भारी पड़ता दिख रहा है। भारतीय क्रिकेट फैन्स ने इस दिग्गज और हरभजन सिंह को सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। जहां कुछ लोगों ने इसे शर्मनाक बताया है तो कुछ ने युवी को ब्लॉक करके स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। वह ट्विटर पर ट्रेंड भी कर रहे हैं। युवी ने किए गए ट्वीट में पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी और उनके फाउंडेशन का सपॉर्ट किया था। युवराज ने वीडियो शेयर करते हुए ट्वीटर पर लिखा, 'यह काफी मुश्किल समय है। यह समय है जब हम एक दूसरे के साथ आएं खासकर उनके जिनको जरूरत है। अपना फर्ज निभाते हैं। मैं शाहिद अफरीदी और एसएएफ संस्था का समर्थन करता हूं। कृपया डोनेटकोरोना डॉट कॉम पर दान दीजिए। घर में रहिए।'